कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 5570 / बी-3 / 67 दिनांक : 5/11/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दिनांक 05.11.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर " हरपालपुर में 'हर घर नल' योजना फ्लॉप:63 ग्राम पंचायतों में बनी टंकियां बेकार, पाइपलाइन लीकेज से पानी बर्बाद" के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 05.11.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "हरपालपुर में 'हर घर नल' योजना फ्लॉप:63 ग्राम पंचायतों में बनी टंकियां बेकार, पाइपलाइन लीकेज से पानी बर्बाद" शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड हरपालपुर की खसौरा ग्राम पंचायत पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–

बिन्दु	प्रकाशित खबर	खण्ड की आख्या
1.	हरपालपुर विकासखण्ड की 63 ग्राम पंचायतों में "जल जीवन मिशन" के तहत बनी पानी की टंकियों और बिछाई गई पाइपलाइन से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। योजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में खराब सामग्री के कारण कई जगह पाइपलाइन से पानी बह रहा है। खसौरा ग्राम पंचायत में टंकी से जुड़ी पाइपलाइन में लीकेज के कारण सड़क पर पानी बह रहा है। इससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। खरगापुर गांव के माधौराम सक्सेना, रवि दीक्षित, गुड्डू सक्सेना, राजवीर, महावीर यादव, अमर सिंह यादव और बबलू दीक्षित ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।	उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड हरपालपुर में 36 पेयजल योजना से 59 ग्राम पंचायत में 96 राजस्व गांव में पेयजलापूर्ति की जानी है। वर्तमान में 66 राजस्व गांव में पेयजलापूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में नियत अवधि में कार्य पूर्ण कराकर पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। खबर में प्रकाशित खसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 1503 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 27.57 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 559 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 17.19 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है। खसौरा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत की 3 ग्राम पंचायत खसौरा, अजूतपुर, सुरजूपुर सम्मिलित है। वर्तमान में सुरजूपुर ग्राम पंचायत में पेयजलापूर्ति की टेस्टिंग की जा रही है। खसौरा ग्राम पंचायत के खरगापुर मजरे में भी टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। अन्य ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने एवं ज्वाइंटिंग का कार्य प्रगति पर है।

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठसं० एवं **दिनांक** उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपित–निम्नलिखित को **सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता (खण्डान्तर्गत)।
4. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

''जल जीवन मिशन'' योजना से सम्बंधित विवरण प्राप्त करने हेतु Jal Sarthi ऐप डाउनलोड करें।